e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स0सं0:– 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025 4061

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना, दिनांक :– 17-11-26

विषयः– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत सरकारी भूमि/लोक भूमि के संरक्षण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली के नियम–15 उपनियम–8 के अर्न्तगत ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व ग्रामों में समुचित जाँच–पड़ताल एवं तुलना के बाद तैयार किये गये नये अधिकार–अभिलेख एवं खेसरा पंजी की द्वितीय प्रति अभिधारी खाता पंजी तैयार करने हेतु संबंधित अंचल अधिकारी को भेजने का प्रावधान किया गया है, जिसके आलोक में बन्दोबस्त कार्यालयों द्वारा संबंधित अंचल कार्यालयों को **प्रपत्र–25 एवं प्रपत्र–25 'क'** में तैयार किये गये अंतिम अधिकार–अभिलेख एवं खेसरा पंजी की द्वितीय प्रति अभिधारी खाता पंजी तैयार करने हेतु उपलब्ध करायी जानी है।

उल्लेखनीय है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 (यथा संशोधित, 2025) एवं नियमावली, 2012 (यथा संशोधित, 2026) के नियम–15(8) के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों हेतु प्रपत्र–25 एवं नगरपालिका क्षेत्रों हेतु प्रपत्र–25 'क' में मानचित्र सहित अंतिम रूप से प्रकाशित अधिकार अभिलेख की प्रविष्टियों का मिलान सरकारी भूमि/लोक भूमि की सूची से कर/करा ली जाय। यदि अंतिम अधिकार–अभिलेख में कोई विसंगति पायी जाती है तो सभी सरकारी भूमि/लोक भूमि को सुरक्षित रखने हेतु सुंसगत प्रावधानों के तहत सक्षम प्राधिकार के समक्ष निर्धारित समय–सीमा के अंदर संबंधित अंचल अधिकारी विधिसम्मत् आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। संबंधित समाहर्त्ता, अंचल अधिकारी द्वारा उक्त के संबंध में की गयी कार्रवाई, की निरंतर समीक्षा करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः अनुरोध है कि अपने जिले के सभी अंचल अधिकारियों को उपरोक्त हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन

17/11/26
(जय सिंह)
सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे (अभिलेख/मानचित्र) 20/2025 4061 पटना, दिनांक 17-11-26

प्रतिलिपि :–

1. सभी अंचल अधिकारी/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/अपर समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Scanned with OKEN Scanner

3. उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. अवर सचिव, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित सभी जिले के नोडल पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
6. सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
7. निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
8. माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग।

Scanned with OKEN Scanner